12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
अब 13 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह
Bharatsamman.com | Bharat samman | भारत सम्मान | Bharat Samman
वर्ष-13 अंक-223 — अम्बिकापुर, शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.





# श्री श्री सत्यनारायण बाबाधाम में आज धूमधाम से मनाया जाएगा 26वां स्थापना दिवस

## हठयोगी श्री श्री सत्यनारायण बाबा जी के तपस्या के 26 वर्ष

### बालक हलधर से सत्यनारायण बाबा तक



**रायगढ़।** हमारे धर्म ग्रंथों में ऋषि मुनियों के द्वारा 15-20 वर्ष जंगलों, पहाड़ों और कंदराओं में कठोर तपस्या करने का वर्णन मिलता है। साधारण तौर पर लोग इसे काल्पनिक कथा, मनगढंत कहानियाँ ही समझते हैं, पर छतीसगढ़ के लोग इसे आज जीवंत रूप में देख रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्वांचल जिला रायगढ़ के जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम कोसमनारा में 16 फरवरी 1998 से तपस्या में लीन बाबा सत्यनारायण को यह हठ योग करते आज 26 वर्ष पूर्ण हो गया। रायगढ़ में गर्मी के मौसम में तापमान 47 डिग्री तक पहुँच जाता है। ऐसे गर्म मौसम सहित कपकपाती ठंड और भारी बरसात में भी बिना छत के हठ योग में विराजे श्री श्री सत्यनारायण बाबाजी का दर्शन कर लेना ही अपने आप में सम्पूर्ण तीर्थ के समान है।

बाबा कब क्या खाते हैं, कब समाधि से उठते हैं, आम लोगों को पता नहीं, लेकिन बाबा धाम की सेवा व व्यवस्था में लगे करीबी लोग बताते हैं कि चौबीस घंटे में केवल एक बार अर्द्धरात्रि के बाद दो तीन घंटे के लिए वे तपस्या से ध्यान से सामान्य अवस्था मे आते हैं। लोगों को दर्शन देकर समस्याएं सुनते हैं। इशारों में बातें करते हैं जिसे सेवक गण दर्शनार्थियों को बताते हैं। श्री श्री सत्यनारायण बाबा धाम में किसी प्रकार का आडंबर नही है , अंधविश्वास नही है। किसी प्रकार का कोई ताबीज ,दवाई नही दिया जाता। केवल यज्ञ कुंड का भभूत प्रसाद के रूप में देते हैं। श्रद्धालु जो फल फूल चढ़ाते हैं उन्हें श्रद्धालुओं को ही वितरित कर दिया जाता है। श्री श्री सत्यनारायण बाबा धाम में निःशुल्क प्रवेश,प्रसाद,भोजन वितरित किया जाता है।

कोसमनारा से 19 किलोमीटर दूर देवरी, डूमरपाली में एक साधारण किसान दयानिधि साहू एवं हँसमती साहू के परिवार में 12 जुलाई 1984 को बालक हलधर के रूप में अवतरित अवतरित हुए। बाबाजी बचपन से ही आध्यात्मिक रुचि के थे। एक बार गांव के ही तालाब के बगल में स्थित शिव मंदिर में वे लगातार 7 दिनों तक तपस्या करते रहे। माता-पिता और गांव वालों की समझाइश पर वे घर लौटे लेकिन उनके भीतर शिव जी विराज चुके थे।

14 वर्ष की अवस्था में एक दिन वे स्कूल के लिए बस्ता लेकर निकले मगर स्कूल नहीं गए। बाबाजी सफेद शर्ट और खाकी हाफ पैंट के स्कूल ड्रेस में ही रायगढ़ की ओर रवाना हो गए। अपने गांव से 19 किलोमीटर दूर और रायगढ़ शहर के पास स्थित कोसमनारा वे पैदल ही पहुंचे। कोसमनारा गांव से कुछ दूरी पर एक बंजर जमीन पर उन्होंने कुछ पत्थरों को इकट्ठा कर शिवलिंग का रूप दिया और अपनी जीभ काट कर उन्हें समर्पित कर दी। कुछ दिन तक तो किसी को पता नहीं चला मगर फिर जंगल में आग की तरह खबर फैलती चली गई और लोगों का हुजूम वहां पहुचने लगा। कुछ लोगों ने बालक बाबा की निगरानी भी की मगर बाबा जी तपस्या में जो लीन हुए तो आज तक उसी जगह पर हठ योग तपस्या में लीन हैं।

माता - पिता ने बचपन में उन्हें नाम दिया था हलधर... पिता प्यार से सत्यम कह कर बुलाते थे। उनके हठयोग को देख कर लोगों ने नाम दे दिया बाबा सत्य नारायण..।

श्री सत्यनारायण बाबा जी बात नहीं करते .. मगर जब ध्यान से बाहर आते हैं तो भक्तों से इशारे में ही संवाद कर लेते हैं। कोसमनारा की धरा को तीर्थ स्थल बनाने वाले बाबा सत्यनारायण के दर्शन करने वाले भक्तों के लिए अब उस तपस्या स्थल पर लगभग सभी प्रकार की व्यवस्था हो गई है।किंतु बाबा ने खुद के सर पर छांव करने से भी मना किया हुआ है। आज श्री श्री सत्यनारायण बाबा जी को तपस्या करते 26 वर्ष हो गया । बाबा जी का कठोर तप जारी है।



### पूजन, आरती, भोग-भंडारा, रुद्राभिषेक,आर्केस्ट्रा, सम्मान समारोह का आयोजन

श्री डिग्रीलाल साहू जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ रायगढ़ एवं श्री ओम साहू अध्यक्ष कर्मा-कृष्ण मंदिर संचालन समिति कोसमनारा रायगढ़ ने संयुक्त रूप से जानकारी दिया है कि 16 फरवरी 2024 शुक्रवार को तपोस्थली कोसमनारा रायगढ़ में ÷108 श्री श्री सत्यनारायण बाबा जी का 26 वाँ एवं भक्तमाता कर्मा मंदिर का 9वाँ स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह÷ का आयोजन साहू समाज रायगढ़ द्वारा किया गया है। उक्त धार्मिक व सामाजिक आयोजन में प्रातः 7¬30 बजे श्री श्री सत्यनारायण बाबा जी का पूजन व आरती होगी। श्री श्री सत्यनारायण बाबा धाम ट्रस्ट द्वारा खीर पूड़ी प्रसाद का वितरण किया जावेगा। प्रातः 8¬30 बजे भक्तमाता कर्मा मंदिर, श्री राम दरबार,शिव दरबार में पूजन व आरती होगी तथा खिचड़ी प्रसाद वितरण होगी। 10¬30 बजे कर्मा मंदिर में ध्वज चढ़ाया जावेगा तथा अतिथियों द्वारा साहू सामाजिक ध्वज ÷गरुड़ ध्वज÷ फहराया जावेगा। 11¬00 बजे से भोजन भंडारा प्रारंभ होगी जो सतत जारी रहेगी। दोपहर 12¬00 बजे से मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होगी। श्री ताराचंद मेहर ग्रुप की आर्केस्ट्रा होगी जिसमें गीत, संगीत, भजन, झांकी सहित नृत्य होगी। स्थापना दिवस सह सम्मान कार्यक्रम में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारी , जनप्रतिनिधि गण, विशिष्ट जनों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। अतिथियों का स्वागत, सम्मान, उद्बोधन होगी। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों व स्वजनों को सम्मानित किया जावेगा। रात्रि 10¬00 बजे श्री श्री सत्यनारायण बाबा जी ध्यान से सामान्य अवस्था मे आकर स्वयं अपने हाथों से आचार्यों की मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक यज्ञ करेंगे। यज्ञ पश्चात हवन होगी। सभी भक्तों व श्रद्धालुओं को श्री श्री सत्यनारायण बाबा जी अपने कर कमलों से प्रसाद प्रदान के आशीर्वाद देंगे। यह आयोजन 24 घण्टे का आयोजन है। सभी श्रद्धालुओं, भक्तगणों, श्री श्री सत्यनारायण बाबा धाम ट्रस्ट के सम्मानित पदाधिकारी गण, सेवकों, सामाजिक पदाधिकारियों, स्वजनों, रायगढ़ वासियों, क्षेत्रवासियों को अधिकाधिक संख्या में शामिल होने, सहभागिता निभाने की अपील की गई है।

**नेतराम साहू**
**सदस्य,श्री श्री सत्यनारायण बाबा धाम ट्रस्ट**
**प्रदेश सह संयोजक, साहू अधि. कर्म.प्रकोष्ठ**



रायगढ़। जिले के कोसमनारा में स्थित श्री श्री सत्यनारायण बाबाधाम में आज 16 फरवरी को बाबाधाम का 26वां स्थापना दिवस बड़े ही भव्य रूप से मनाया जाएगा। श्री सत्यनारायण बाबाधाम ट्रस्ट के मुकेश शर्मा जी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 फरवरी के रात्रि 10 बजे बाबाजी ध्यान से आएंगे, जिसके बाद बाबाजी हाथों रूद्राभिषेक किया जाएगा, तत्पश्चात बाबाजी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए प्रसाद वितरण करेंगे जिसमें सभी भक्तों का हार्दिक स्वागत है।



# संपादकीय

## खेला की राजनीति

जब नीतीश कुमार ने 'खेला' किया और तेजस्वी यादव ने उसका जवाबी 'खेला' कर दिखाने का एलान किया, तो उसे हिकारत के साथ देखने के बजाय सारी इलीट चर्चा दोनों पक्षों की 'खेला' कर सकने की क्षमता के आकलन पर टिक गई। क्या यह लोकतंत्र है? भारत की सियासी चर्चाओं में 'खेला' शब्द संभवतः पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की देन है। तब से मीडिया की चर्चाओं से आगे बढ़ते हुए अब राजनेताओं की जुबान पर भी यह छा गया है। समाज का प्रभु वर्ग भी इसमें खूब मज़ा लेने लगा है। इस शब्द में जो अवसरवाद और अनैतिकता शामिल है, उस पर ध्यान देने की जरूरत किसी को महसूस नहीं होती। यही वजह है कि राजनेताओं का अवसरवाद और अनैतिकता अब लोगों को उनका कौशल महसूस होने लगे हैं। इसकी होड़ में जो जीत जाए, उसे सिकंदर के रूप में देखा जाने लगता है। शायद इसीलिए बिहार में जब नीतीश कुमार ने 'खेला' किया और तेजस्वी यादव ने उसका जवाबी 'खेला' कर दिखाने का एलान किया, तो उसे हिकारत के साथ देखने के बजाय सारी इलीट चर्चा दोनों पक्षों की 'खेला' कर सकने की क्षमता के आकलन पर टिक गई। अंततः सोमवार को तेजस्वी यादव की क्षमता से उम्मीद जोड़े लोगों को मायूसी हाथ लगी, जब नीतीश के पक्ष ने दिखा दिया कि मुख्यमंत्री आखिर सियासत के दांव खेलने में तेजस्वी के 'चाचा' हैं। विश्वासमत पर मतदान के दौरान नीतीश ना सिर्फ अपने समर्थकों को एकजुट रखने में सफल रहे, बल्कि तेजस्वी के राष्ट्रीय जनता दल के तीन विधायक भी तोड़ लिए। लेकिन मुद्दा यह है कि 'खेला' की इस होड़ में जनादेश की भावना का जिस तरह खुल्लमखुल्ला उल्लंघन होता है और लोकतंत्र का मजाक बना दिया जाता है, सार्वजनिक चर्चाओं में उसे इस तरह वैधता देना क्या इस खेल में खुद शामिल होना नहीं है? इससे भी बड़ा सवाल है कि राजनीति अगर सिर्फ सत्ता के समीकरण बैठाने का खेल बन जाए, तो क्या उसे लोकतांत्रिक कहा भी सकता है? लोकतांत्रिक राजनीति में यह अंतर्निहित है कि उसमें पार्टियां जनता के उन समूहों के हितों का प्रतिनिधित्व करें, जिनके समर्थन से उनकी हैसियत बनती है। इसके विपरीत अगर नेताओं के अपने हित सर्वोच्च हो जाएं, उन्हें साधने के लिए वे हर तरह का 'खेला' करने लगें, और प्रभु वर्ग में उसको उनका कौशल माना जाने लगे, तो उसका यही अर्थ होगा कि लोकतंत्र की इति-श्री हो चुकी है।

# नशे और नशेड़ियों पर रायपुर पुलिस का शिकंजा

## 10 दिनों में नारकोटिक्स एक्ट में 10 अंतर्राज्यीय तस्कर समेत 26 आरोपी गिरफ्तार





**रायपुर।** नशे और नशेड़ियों के खिलाफ रायपुर पुलिस ने निजात अभियान शुरू किया है. इसके तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है. पुलिस ने बीते 10 दिनों में नारकोटिक्स एक्ट के 18 प्रकरणों में 26 आरोपी गिरफ्तार किया है. इनमें 10 नशे की सप्लाई करने वाले अंतर्राज्यीय तस्कर हैं. इन आरोपियों से एमडीएमए ड्रग्स, अफीम, नशीली सिरप और टेबलेट, गांजा और अवैध शराब जब्त किया है.

राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है. जिसपर रायपुर एसएसपी संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई और जागरूकता अभियान, निजात अभियान शुरू किया. जिसमें समस्त थाना और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने लगातार कार्रवाई की जा रही है. नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है. साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों और सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए. जहां अलग-अलग थाना क्षेत्रों तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों से नशे की सामग्री सप्लाई करने वालों पर निगरानी रखीं जा रही थी. इस दौरान गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने पर रायपुर में नशे की सामग्री सप्लाई करने वाले 10 अंतर्राज्यीय तस्करों को विभिन्न प्रकरणों में गिरफ्तार किया गया है. ये सभी आरोपी ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से नशे की सामग्री रायपुर में सप्लाई करते थे. इनके कब्जे से लगभग 79 किलो 136 ग्राम गांजा, 4.31 ग्राम एम.डी.एम.ए.ड्रग्स, 21 ग्राम अफीम और 600 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप जब्त किया गया. सभी आरोपियों के खिलाफ रायपुर के विभिन्न थानों में कार्रवाई की गई है.

### आबकारी एक्ट के तहत 300 से अधिक लोगों गिरफ्तार

इसी तरह अवैध शराब बिक्री, सप्लाई और सार्वजनिक स्थान में सेवन करने वाले 300 से अधिक लोगों को भी गिरफ्तार किया गया. इनमें से वाले 32 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है. 34(2) आबकारी एक्ट के कुल 31 प्रकरणों में 32 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल लगभग 181 लीटर शराब जब्त की गई, धारा 34(1) आबकारी एक्ट के कुल 65 प्रकरणों में 65 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 194 लीटर शराब जब्त की गई है और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने और पिलाने वालों के विरुद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कुल 232 प्रकरणों में 238 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 18 लीटर शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध विभन्न थानों में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है.



# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों से मिलने पहुंचे कलेक्टर और एसपी, अधिकारियों को अपने बीच पाकर ग्रामीण हुए भावुक


**कोण्डागांव।** जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार की अभिवन पहल चरण पादूका वितरण अभियान के तहत वनांचल क्षेत्र के सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के स्कूल में अध्यनरत बालक-बालिकाओं को जूता बांटा जाता है. इसी कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जिले के पुगांरपाल थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित ग्राम पुंगारपाल में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पुंगारपाल और निकटस्थ ग्राम टेकापाल, कुदुर, तुमड़ीवाल, मटवाल, मुन्डीपदर, बनियापारा के अध्यनरत बालक-बालिकाओं को चरण पादूका, जूता वितरण किया गया. कार्यक्रम में इन ग्रामों के पटेल, ग्राम सरपंच, बालक-बालिकाओं के पालक, स्कूली शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय लोगों से रूबरू होकर क्षेत्र की समस्याओं को सुना और निराकृत करने के लिए आश्वासन दिया. इसी दौरान ग्राम पुंगारपाल के आगनबाड़ी केन्द्र और प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण कर स्कूली बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया. जिले के अधिकारियों को अपने बीच पाकर बच्चे और ग्रामीण खुश हुए. पुलिस अधीक्षक के इस अनूठी पहल से ग्रामीण काफी भावुक हुए और क्षेत्र में आने के लिए धन्यवाद दिया. कार्यक्रम में जिले के सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे (ऑप्स), उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सतीश भार्गव, एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित रहे.

# लोकसभा चुनाव नजदीक; कभी भी लग सकती है आचार संहिता

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव नजदीक है। कभी भी आचार संहिता लग सकती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले द्वारा जारी फाइनल वोटरलिस्ट में भले ही महिला वोटर की संख्या अधिक है। बावजूद रायपुर, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जैसी हॉट सीटों पर पुरुष मतदाताओं का ही बोलबाला है। सरगुजा, राजनांदगांव, दुर्ग, बस्तर, कांकेर, रायगढ़ कोरबा और महासमुंद में महिला वोटर ज्यादा है। विधानसभा चुनाव में सरकार बदलने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई थी। विधानसभा चुनाव में हजार पुरुषों पर 1012 महिलाएं थीं, लोकसभा की वोटरलिस्ट में बढ़कर 1014 हो गई हैं। प्रदेश के 2019 के लोकसभा चुनाव पर नजर डालें तो औसतन 71.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। रायगढ़ में सबसे ज्यादा 77.78 फीसदी वोट पड़े थे। इसके बाद सरगुजा 77.3, राजनांदगांव में 76.04, कोरबा में 75.28, महासमुंद में 74.51, कांकेर में 74.27, दुर्ग में 71.86 बस्तर में 66.04, रायपुर में 66, जांजगीर-चांपा 65.58, बिलासपुर 64.36 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार प्रदेश में कम से 5-6 फीसदी तक इजाफा करने का टारगेट सीईओ दफ्तर को चुनाव आयोग ने दिया है। कंगाले के अनुसार मैदानी क्षेत्रों की सीटों और नएयुवा वोटरों पर फोकस किया जाएगा।

# तंत्र-मंत्र के नाम पर नाबालिगों से रेप: बच्चियों की पूजा के बाद पैसा बरसने का दिया झांसा, फिर ढोंगी बाबा ने बंद कमरे में ले जाकर किया दुष्कर्म, 4 आरोपी गिरफ्तार





**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. जहां एक ढोंगी बाबा ने तंत्र-मंत्र और पूजा करने के बाद पैसा बरसने की बात कहकर दो नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म को अंजाम दिया। जिसके बाद ढोंगी की सच्चाई का पता लगने के बाद पीड़ित बच्चियों के परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस में की, इस मामले में पुलिस ने आरोपी का पर्दाफाश करते हुए उसे धर दबोचा, वहीं इस अपराध में उसका साथ देने वाले 3 युवक समेत एक युवती को भी गिरफ्तार कर लिया गया है.

मामले का खुलासा करते हुए बिलासपुर की प्रभारी एसपी अर्चना झा ने बताया कि कुंवारी लड़कियों के परिजनों को तंत्र-मंत्र और पूजा विधि कर पैसे बरसने का झांसा देकर आरोपियों ने दुष्कर्म की इस वारदात को अंजाम दिया था. उन्होंने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़े इन आरोपियों ने सरसींवा और भटगांव के रहने वाले दो अलग-अलग परिवार को अपने झांसे में लिया था. पड़ोसी होने के चलते बच्चियों के परिजन आरोपियों की बात में आ गए और रतनपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर स्थित ठाकुर पंडित उर्फ कुलेश्वर सिंह राजपूत के ठिकाने पर पहुंचे.

इस दौरान ढोंगी बाबा ने पहले लड़कियों के परिजनों के सामने तंत्र-मंत्र और पूजा का बहाना किया, जिसके बाद अलग से पूजा करने के बहाने दूसरे कमरे में ले जाकर दोनों बच्चियों से बारी-बारी से रेप किया. आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से लड़कियों को इस बारे में किसी को भी नहीं बताने की बात कहकर धमकाया. इसके बाद ढोंगी बाबा ने अपने साथियों के साथ मिलकर लड़कियों के ऊपर पैसे फैलाकर उसपर कपड़ा ढक दिया और परिजनों को बुलाकर चमत्कारिक रूप से पैसा बरसने की बात कही. पैसों को देख पीड़ित लड़कियों के परिजन काफी खुश हुए और पैसे लेकर घर लौट आए. जब लड़कियों ने उन्हें अपने साथ दुष्कर्म होने की बात परिजनों को बताई तो वह हैरान रह गए. जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी. मामले की सूचना के बाद एसपी अर्चना झा के नेतृत्व में रतनपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी ठाकुर पंडित उर्फ कुलेश्वर सिंह राजपूत और लोगों को झांसे में लेने का काम करने वाली महिला समेत 3 अन्य युवकों को गिरफ्तार किया है. रतनपुर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है.

# कमाने का कोई मौका ना छूटे..! महतारी वंदन योजना के फॉर्म पर साइन करने के लिए पैसे वसूल रही पार्षद, सफाई सुनकर आप भी रह जाएंगे हैरान

**दुर्ग।** जिले में महतारी वंदन योजना की आड़ में गरीब महिलाओं को ठगने का काम शुरू हो गया है. हालत ये है कि आंगनबाड़ी से लेकर निगम की एमआईसी मेंबर तक अवैध वसूली में लगी हुई हैं. महिलाओं से फॉर्म पर साइन करने के लिए 20-20 रुपये लिया जा रहा है. अब इस मामले में वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा के पार्षदों ने रिसाली निगम की कांग्रेस पार्षद और एमआईसी सदस्य को बर्खास्त करने की मांग की है. साथ ही इस संबंध में संभाग आयुक्त दुर्ग को पत्र भी लिखा है.



दरअसल, दुर्ग जिले में 14 फरवरी की स्थिति तक महतारी वंदन योजना के ढाई लाख से ज्यादा आवेदन जमा हो चुके हैं. कलेक्टर ने इसके लिए निगम, आंगबाड़ी कार्यकर्ताओं से लेकर अन्य विभाग की ड्यूटी लगाई है. इसके साथ ही भाजपा और कांग्रेस के नेता-पदाधिकारी भी इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं. लेकिन इन सबके बीच दुर्ग जिले में गरीब महिलाओं से पैसे लेकर फॉर्म भराने या साइन करने का मामला सामने आया है. इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. जो कि भिलाई पावर हाउस क्षेत्र का है.

## फॉर्म का लिया जा रहा था 100 रुपये, विवाद बढ़ तो लौटाए

यहां एक आंगबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं से महतारी वंदन योनजा का फार्म भरने के बदले 100 रुपये ले रही थी. जब इसकी जानकारी भाजपा कार्यकर्ताओं को हुई तो उन्होंने बवाल मचा दिया. बाद में मामला बढ़ने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने लिए गए पैसे महिलाओं को वापस कर दिए. इसका वीडियो जब वायरल हुआ तो निगम आयुक्त और कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया. इसके बाद उस आंगबाड़ी कार्यकर्ता को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है.

## रात-रात तक मैं फॉर्म पर साइन करती हूं- पार्षद

दूसरा मामला रिसाली नगर निगम का है यहां की कांग्रेस पार्षद और एमआईसी मेंबर का एक वीडियो वायरल हुआ है. इस वीडियो में वो महिलाओं के विवाह प्रमाण पत्र में साइन करने के लिए 20-20 रुपये ले रही हैं. जबकि यह कार्य पार्षद को निःशुल्क करना है. पार्षद द्वारा रुपये लिए जाने का वीडियो जारी होने के बाद भी अब तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है. ये वही पार्षद है जिसने कांग्रेस शासनकाल में दबंगई दिखाते हुए सार्वजनिक रास्ते को घेरकर अपने घर की दावार खड़ी कर दी थी. जब मामले को लेकर पार्षद से बात की गई तो उनका कहना था कि वे रात 11 बजे तक लोगों के फॉर्म पर साइन करती हैं. वहीं पार्षद के पास पहुंची कुछ महिलाओं का कहना है कि फॉर्म में साइन कराने के लिए 20-20 रुपये लिया जा रहा है. हालांकि इनमें से एक महिला ने कहा कि उससे पार्षद ने कोई पैसा नहीं लिया है.



# आबकारी अधिकारी एपी त्रिपाठी और अनिल दम्मानी को हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत, जमानत अर्जी हुई मंजूर

**बिलासपुर।** शराब घोटाले मामले में आरोपी आबकारी विभाग के अफसर एपी त्रिपाठी और महादेव एप मामले के आरोपी अनिल दम्मानी को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है. हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने एपी त्रिपाठी और अनिल दम्मानी की जमानत याचिका को मंजूर कर दी है. बुधवार को इस केस की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. जिस पर गुरुवार को आर्डर जारी किया गया है. बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले मामले में बीते मई महीने में आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और शराब वितरण कंपनी सीएसएमसीएल के पूर्व एमडी अरुण पति त्रिपाठी को गिरफ्तार किया था. जिसके बाद उनसे पूछताछ कर ईडी की विशेष अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया था. इस दौरान उन्होंने अपने एडवोकेट के माध्यम से विशेष अदालत में जमानत अर्जी लगाई थी. जिसे खारिज कर दिया गया था. इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी जमानत याचिका दायर की थी. जिसमें राहत नहीं मिली. तब हाईकोर्ट में दोबारा जमानत अर्जी लगाई थी. जिसके बाद आज उन्हें राहत मिल गई है.

# बीजेपी सहयोग केंद्र : अतिक्रमण और अवैध कॉलोनी हटाने की मांग, राजस्व मंत्री बोले- जल्द होगा मामले का निराकरण



**रायपुर।** बीजेपी के सहयोग केंद्र के तीसरे दिन खेल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी.बीजेपी कार्यालय में सैंकड़ों लोग अपनी समस्याएं को लेकर पहुंचे थे. सभी की समस्याओं को सुनकर जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया.

मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि पहले रेवेन्यू की समस्या रहती थी, लेकिन अब इसकी कोई समस्या नहीं है. उन्होंने बताया कि लोग अतिक्रमण हटाने और अवैध कॉलोनी को हटाने की मांग लेकर यहाँ पहुंचे थे, जिन्हे जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है. खिलाड़ियों के खेल अलंकरण की मांग को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि यह फाइनल हो गया है, सीएम से समय लेना है, पूरी तरह तैयारी है. सीएम से मेरी चर्चा भी हो गई है. मुख्यमंत्री विधानसभा की व्यस्तता के कारण अभी समय नहीं दे पा रहे हैं. यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है. कांग्रेस सरकार ने जिस योजना को बंद कर दिया था उसे शुरू करेंगे. खिलाड़ियों को उनका हक और अधिकार देना है.

तहसील कार्यालय में जमीन से जुड़े मामलों को लेकर चक्कर काट रहे लोगों की समस्याओं को लेकर मंत्री वर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग में बहुत कुछ नया निर्देश जारी करने का विचार कर रहे हैं. विवादित प्रकरण का निपटारा जल्द से जल्द हो, 3 महीने को कटौती करके 45 दिन में करें और विवादित मामले को 90 दिन अगर इस अवधि में नामांतरण सीमांकन का ना हो तो उनके ऊपर ठोस कार्रवाई हो, यहां तक की निलंबन की बात पर पहले चर्चा करेंगे. जमीन कब्जे और पटवारी के लापरवाही की शिकायतों को लेकर मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे, सहमति लेंगे उसके बाद ही उसमें निर्देश जारी करेंगे. जितने आवेदन आए हैं उन सभी आवेदन में मार्क कर दिए हैं., सभी संबंधित अधिकारियों को भेजेंगे और समस्याओं का तुरंत निराकरण करेंगे.

# रेंजर और बाबू में अनबन! लेखा प्रभारी को हटाए जाने की मांग, अफसरों का आरोप- डीएफओ से करीबी का उठा रहा फायदा



**कांकेर।** वन मंडल में एक बाबू से परेशान होकर कांकेर वन मंडल के 5 रेंजर मेडिकल लेकर छुट्टी पर चले गए हैं. कांकेर रेंज ऑफिस में इन दिनों कुछ भी सही नहीं चल रहा है. डीएफओ कार्यालय में पदस्थ लेखा प्रभारी और वन मंडल के पांच रेंजरों के बीच तालमेल की कमी देखी जा रही है. कांकेर वन मंडल में पांच रेंज कार्यालय हैं. जिसमें कांकेर, सरोना, नरहरपुर, कोरर, चारामा शामिल है. इन सभी जगहों के रेंजर मेडिकल लगाकर छुट्टी पर चले गए हैं. आज कांकेर में इस मामले को लेकर प्रदेश रेंजर संघ की बैठक भी रखी गई थी. जिसके बाद रेंजर संघ ने सीसीएफ से मुलाकात कर लेखा प्रभारी बिरेंद्र नाग को डीएफओ कार्यालय से हटाने की मांग की है. एसा ना करने की स्थिति में प्रदेशभर के रेंजरों ने अवकाश में जाने की चेतावनी दी है.

रेंजर संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बताया कि कांकेर वन मंडल के लेखा प्रभारी बिरेंद्र नाग के द्वारा कांकेर वन मंडल के रेंजरों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है. रेंजरो के वाउचर चेक बिना कारण आपत्ति लगाकर वापस भेज दिए जाते हैं. जिससे रेंजर काम नहीं कर पा रहे हैं. यही नहीं लेखा प्रभारी के द्वारा डीएफओ आलोक वाजपेयी को गलत जानकारी देकर गुमराह भी किया जा रहा है. इसी वजह से 8 फरवरी से कांकेर वन मंडल के सभी रेंजर मेडिकल लेकर अवकाश पर चले गए हैं.रेंजर संघ के संरक्षक सतीश मिश्रा ने कहा कि लेखा प्रभारी डीएफओ के काफी करीबी हैं और इसी का फायदा उठाकर जबरन रेंजरों को परेशान कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि यदि 3 दिन के भीतर लेखा प्रभारी का ट्रांसफर नहीं किया जाता है तो प्रदेश भर के रेंजर अवकाश पर चले जायेंगे. अब देखने वाली बात ये होगी कि एक रेंज के बाबू और रेंजरों की इस लड़ाई का वन अमले पर क्या असर पड़ता है. यदि इस छोटी सी लड़ाई पर समय रहते शासन की ओर से कार्रवाई नहीं हुई और सारे रेंजर अवकाश पर चले गए तो वन विभाग को करोड़ों का नुकसान हो सकता है. दिलचस्प बात ये भी है कि जिस लेखा प्रभारी को हटाने की मांग हो रही है वो वन कर्मचारी लिपिक संघ का प्रदेश अध्यक्ष भी है. ऐसे में इस लड़ाई में वन अमले को नुकसान उठाना पड़ सकता है.



# पुलिस ने नशे के सौदागरों को पकड़कर निकाला जुलूस, 'नशा करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है', के लगाए नारे

**कवर्धा।** नशा करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है' तीन युवक जिनके हाथों में जंजीर है, वो यही बात दोहराते हुए पैदल चल रहे हैं. तीनों युवकों के आसपास पुलिस वाले मौजूद हैं. यह वीडियो छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले से सामने आया है. जहां पीपरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीली दवाईयां और इंजेक्शन बेचने वाले नशे के सौदागरों का आज जुलुस निकाला. यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. बता दें कि आरोपियों के जुलुस के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों से 'नशा करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है', और 'नशीली दवाईयां बेचना अपराध है, जो नशीली दवाईयां बेचेगा वो जेल जाएगा' के नारे लगवाए. ताकि लोगों के बीच यह संदेश जा सके की पुलिस नशा कर उत्पात मचाने और नशे का सौदा करने वालों को बख्शने वाली नहीं है. जानकारी के मुताबिक पुलिस के हत्थे चढ़े ये बदमाश इंजेक्शन और नशीली दवाईयों को कबीरधाम के युवाओं को बेचकर मोटी रकम कमा रहे थे, इन आरोपियों में एक आरोपी कवर्धा का रहने वाला सहमत अली है, वहीं अन्य दो अर्जुन सूर्यवंशी और अशोक पांडेय है. दोनों तखतपुर के रहने वाले है. पीपरिया पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है.

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, शुक्रवार, 16 फरवरी 2024


# लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा और विधान मिश्रा ने थामा भाजपा का दामन




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व विधायकों सहित राजनीतिक, सामाजिक, संगठन व कला क्षेत्र से जुड़े सैंकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने पार्टी गमझा पहनाकर व सदस्यता प्रमाण-पत्र से नए सदस्यों का सम्मान किया। समारोह में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, विधान मिश्रा सहित कांग्रेस, जनता कांग्रेस के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर आज सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। सभी साथियों का मैं स्वागत करता हूं। आपने अच्छा किया भाजपा में आ गए। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, भाजपा में लोकतंत्र है। कार्यकर्ता अपनी योग्यता के अनुसार बड़े-बड़े पदों पर जाते है। बगिया का एक छोटा सा कार्यकर्ता विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के पद पर है। यह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे बड़े नेता है। सबसे अधिक लोकप्रिय है। भारत का पूरे विश्व देश का डंका बज रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सांसद सुनील सोनी, विधायक अजय चंद्राकर, अनुज शर्मा सहित नरेश गुप्ता, शिवरतन शर्मा, महेश गागड़ा, योगी अग्रवाल रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग,अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### 11 की 11 सीट जीतेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरणसिंह देव ने कहा लोकसभा चुनाव में हम 11 की 11 सीट जीतेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले सभी साथियों का बहुत स्वागत करता हूं। भाजपा की नीति राष्ट्र सर्वोपरि की नीति है। पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा मैं सबको विश्वास दिलाता हूं भाजपा की विचारधारा के अनुरूप काम करेंगे। पार्टी जो आदेश देगी वो कार्य करेंगे। पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा के नेतृत्व में बीजापुर जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।



## आईईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल दो नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** आईईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल दो माओवादियों को सुरक्षा बल ने गिरफ्तार किया है. सीआरपीएफ 231 वाहिनी एवं थाना का संयुक्त बल माओवादियों की सूचना पर गश्त पर निकली थी. दो संदिग्ध व्यक्ति जगरगुंडा की ओर से आ रहे थे, जो पुलिस पार्टी को देखकर जंगल की ओर भागने लगे. पुलिस पार्टी ने घेराबंदी कर 02 संदिग्धों को पकड़ा. पकड़े गए आरोपियों के नाम मंगलू पुनेम और मंगू पुनेम है. ये दोनों गोंदपल्ली मिलिशिया टीम के सदस्य हैं. दोनों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध होने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया. इस कार्यवाही में सीआरपीएफ़ 231 वाहिनी की विशेष भूमिका रही.

## लकड़ी के टुकड़े ने रोक दी ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स ट्रेन



**बिलासपुर।** ट्रैक पर पड़ी लकड़ी के टुकड़े से ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स ट्रेन का इंजन में खराबी आ गई और ट्रेन मौके पर ही खड़ी हो गई। छानबीन में पता चला कि एक महिला जलाऊ लकड़ी हाथ में लिए ट्रैक पार कर रही थी। उस समय ट्रेन को नजदीक देखकर वह हड़बड़ा गई और लकड़ियां ट्रैक पर गिर गई। चालक की इस जानकारी के आधार आरपीएफ ने महिला को गिरफ्तार कर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की। घटना गुरुवार को दोपहर 13.20 बजे की है।

मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर से सूचना प्राप्त हुआ कि राजनांदगांव-बाकल के मध्य किमी नंबर 903/08 पर 12102 ज्ञानेश्वरी ज्वाइंट लाइन ट्रैक पर लकड़ी का एक टुकड़ा टकराने से खडी हो गई है। इस पर राजनांदगांव आरपीएफ के उप निरीक्षक पीएल जुमडे स्टाफ के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुए, जहां पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयाना किया। घटना सही निकली। यह भी पता चला कि लकड़ी टकराने के कारण इंजन में खराबी आई है। इस दौरान ट्रेन के लोको पायलट एसएम बाघमारे ने घटना की वजह बताई। इसके बाद आरपीएफ ने उस महिला की तलाश की, जिससे ट्रैक पार करते समय लकड़ी गिर गई थी।

खोजबीन के दौरान वह महिला नजर आई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ईश्वरी देवांगन निवासी पेंड्री अटल आवास बताई। इसके अलावा घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताई कि वह जलाऊ लकडी बिनकर ले जाने के लिए खेतों में आई थी। लकडी लेकर रेल लाइन पार करते हर घर जा रही थी। इसी दौरान राजनांदगांव की ओर से ट्रेन आती देखकर हडबडाहट में लकडी रेल लाइन पर गिर गई। ट्रेन परिचालन बाधित करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए आरपीएफ ने उस महिला के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 154,174 (बी) व 147 के तहत अपराध दर्ज किया। धारा 179 के तहत की गिरफ्तार राजनांदगांव रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाकर मामला पंजीबद्ध किया गया।

### तीन घंटे 14 मिनट तक खड़ी रही ट्रेन, यात्री हुए परेशान

लकड़ी के टुकड़े की वजह से इंजन में आई तकनीकी खराबी के चलते ट्रेन तीन घंटे 14 मिनट तक खड़ी रही। इंजन की खराबी ठीक करने का प्रयास किया गया। लेकिन, सुधार की स्थिति में नहीं होने के कारण दूसरा इंजन लगाने का निर्णय लिया गया। इस इंजन को आने व लगाने में इतना समय लगा। इसके चलते ट्रेन में सफर कर रहे यात्री परेशान हुए।

## छत्तीसगढ़ में पकड़ी गई गांजे की सबसे बड़ी खेप, 2 करोड़ के गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार




**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में नशे के खिलाफ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने नशा के सौदागरों को एक हजार किलो से अधिक गंजे के साथ पकड़ा है. जब्त गंजे की कीमत 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली. जिसके बाद एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देशन में ये अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है. पुलिस ने नशा के सौदागरों को टाटा 1109 गाड़ी से ओडिशा से यूपी के आगरा में सप्लाई करते हुए 1050 किलो गांजा के साथ धर दबोचा है. जब्त किए गांजे की कीमत 2 करोड़ आंकी जा रहा है.

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547